कंप्यूटर में माउस चलाने का एक माउस में क्लिक करने के लिए अधिकतम माउस में **दो बटन** होते है और एक **स्क्रॉल व्हील** होता है। कंप्यूटर में एक **तीर** वाला कर्सर होता है, जिसे यूजर उसे कोई भी दिशा में ले जाने के लिए माउस को हिला सकता है। इसमें दो बटन और स्क्रॉल के, सॉफ्टवेयर आधारित अलग अलग फंक्शन होते है, तो चलिए जानते है माउस का उपयोग कैसे किया जाता है।

## Uses of a Mouse? | कंप्यूटर में माउस के उपयोग

कंप्यूटर में माउस का उपयोग एक कंप्यूटर माउस एक हैंडहेल्ड पॉइंटिंग डिवाइस और इनपुट डिवाइस है जिसका उपयोग सभी डेस्कटॉप कंप्यूटरों के साथ किया जाता है। आप डेस्कटॉप स्क्रीन में जो पॉइंटर देखते है उसे मूव कर और कण्ट्रोल करने में माउस का उपयोग होता है। माउस को उपयोग करने के लिए कुछ स्टेप्स :

- 1. माउस कर्सर को मूव करना
- 2. ओपन करना या प्रोग्राम को चालू करना
- 3. टेक्स्ट, फाइल या फोल्डर को सेलेक्ट करना
- 4. माउस से ड्रैग और ड्राप करना
- 5.माउस से राइट क्लिक का उपयोग
- 6.माउस से स्क्रॉल व्हील का उपयोग
- 7.माउस के और अन्य कार्य


## 1. माउस कर्सर को मूव करना

Mouse का मूल काम है, कंप्यूटर में कर्सर को मूव करना, कर्सर को माउस पॉइंटर भी कहा जाता है । आप कंप्यूटर माउस को जिस दिशा में लेके जायेंगे, कर्सर उस तरफ मूव होगा। उदाहरण के लिए Mouse को पकड़ के आप ऊपर के और ले जायेंगे तो कर्सर ऊपर के और जायेगा, या पीछे की और लाएंगे तो निचे आएगा।

यहाँ माउस को बिना क्लिक किये मूव किआ जाता है। और जिस जगह में आपको टारगेट करना होता है, वहां लेके माउस को छोड़ दिआ जाता है।

## 2. ओपन करना या प्रोग्राम को चालू करना

हम कर्सर को माउस से मूव करके किसी भी प्रोग्राम के आइकॉन के पास ले जाते है, और लेफ्ट के बटन से डबल क्लिक करते है तो वो प्रोग्राम शुरू होजाता है।

उसी तरह हम कोई भी इमेज, **फाइल या फोल्डर** एप्लीकेशन को लेफ्ट बटन से डबल क्लिक कर के उसे ओपन कर सकते है।

उदाहरण के लिए हमे कंप्यूटर को खोलना है तो हम दिस पीसी के आइकॉन के पास कर्सर को ले जायेंगे और डबल क्लिक करेंगे तो कंप्यूटर खुल जायेगा।

## 3. टेक्स्ट, फाइल या फोल्डर को सेलेक्ट करना

माउस के कर्सर को आप अगर किसी भी टेक्स्ट, फाइल या फोल्डर के पास ले जाते है, तो वो आइटम हाईलाइट होजाता है।

आप अगर सिंगल क्लिक करते है तो वो आइटम सेलेक्ट होजाता है। यहाँ सिंगल क्लिक यानी लेफ्ट क्लिक होता है। इसके आलावा, आप अगर माउस को क्लिक करके होल्ड रखते है फिर ड्रैग करते है यहाँ एक से ज्यादा यानि मल्टीपल आइटम सेलेक्ट हो जायेंगे।

## 4. माउस से ड्रैग और ड्राप करना

किसी भी आइटम को आप सेलेक्ट करने के बाद उसे कही भी ड्रैग करके दूसरे जगह ड्राप कर सकते है। ड्रैग और ड्राप का काम कट और पेस्ट जैसे ही है। फाइल एक जगह से दूसरे जगह मूव होजाता है। ड्रैग करके जहाँ आइटम को ड्राप करना होता है वहाँ माउस के बटन रिलीज़ करना पड़ता है।

## 5.माउस से राइट क्लिक का उपयोग

माउस का राइट क्लिक का उपयोग अतिरिक्त जानकारी और शॉर्टकट ऑप्शन के लिए किया जाता है। इस से कोई भी फाइल या फोल्डर को आप कॉपी और पेस्ट फंक्शन को यूज़ कर सकते है।

राइट क्लीक से फाइल का प्रॉपर्टीज भी पता चलता है इसके आलावा कोई फाइल को प्रोग्राम में ओपन करने के लिए राइट क्लिक करके उसे चालू कर सकते है। यह अतिरिक्त ऑप्शन को यूज़ करने के लिए उपयोगी होता है।

## 6.माउस से स्क्रॉल व्हील का उपयोग

जब भी हम कोई बड़े डॉक्यूमेंट में काम करते है फिर उसे ऊपर निचे देखने के लिए स्क्रॉल व्हील काम आता है। स्क्रॉल व्हील को घूमने से डॉक्यूमेंट ऊपर निचे होता है।

उदहारण के लिए हम एक वर्ड डॉक्यूमेंट मल्टीपल पेज में काम करते है किसी दूसरे पेज में जाने के लिए स्क्रॉल व्हील उपयोग में आता है।

## 7.माउस के और अन्य कार्य

आज कल माउस में दो से ज्यादा बटन के आते है। जिसमे सॉफ्टवेयर के हिसाब से वो बटन का उपयोग होता है, उदहारण के लिए **3ds ग्राफ़िक्स** सॉफ्टवेयर में बटन के अलग अलग फंक्शन होते है, सॉफ्टवेयर हमें विभिन्न बटन के अनुसार कार्य करने की अनुमति देता है

# माउस के प्रकार | Types of Mouse in Hindi

कंप्यूटर माउस कई अलग-अलग प्रकार के होते हैं , जब कंप्यूटर नया नया मार्किट में आया था तो कंप्यूटर माउस बिलकुल सरल होता था और इसके सिमित कार्य होते थे,समय के साथ माउस उपयोगिता बढ़ती गयी और माउस यूजर के हिसाब से डेवलप होते गया।

लेकिन आज के मॉडर्न कंप्यूटिंग युग में माउस के कई प्रकार है। यह कल्पना करना मुश्किल है की इसके बहोत प्रकार है चलिए जानते इनमे से इसके कुछ प्रकार जो आम उपयोग होते हैं।

माउस प्रकार और उनके नाम, **कंप्यूटर माउस** की प्रकार और उनके नाम में यहाँ हम वर्णन करे तो सूचि लम्बी हो जाएगी, यहाँ सबसे ज्यादा कंप्यूटर के साथ उपयोग किए जाने वाले सभी प्रकार के **कंप्यूटर माउस और पॉइंटिंग उपकरणों** की सूची नीचे दी गई है।

- **Wired Mouse**

- **Wireless Mouse**
- **Trackball Mouse**
- **Ball Mechanical Mouse**
- **Optical Mouse**
- **Gaming Mouse**
- **3D Mouse**

## Wired Mouse

Wired Mouse एक आम प्रकार का माउस है जो सीधे कंप्यूटर या लैपटॉप से जुड़ जाता है। यह यूएसबी पोर्ट या Ps/2 इंटरफ़ेस का होता है जो कंप्यूटर के **मदरबोर्ड** में यह इंटरफ़ेस मौजूद रहता है, हम वायर्ड माउस को इस इंटरफ़ेस से जोड़ के कनेक्ट करते है।

जैसे की डेटा सीधे तार के माध्यम जाता है यह तेजी से प्रतिक्रिया प्रदान करता है।वे अन्य डिजाइनों की तुलना में अधिक सटीक होते हैं। इसके सटीकता के कारण यह माउस ज्यादातर डिजिटल आर्टिस्ट, गेमर्स, उपयोग करते है।




## Wireless Mouse

Wireless Mouse जो बिना कॉर्ड के कंप्यूटर से जुड़ता है। यह रेडियो सिग्नल से डेटा को कंप्यूटर में ट्रांसमिट करते हैं।

कंप्यूटर सिग्नल को रिसीव करता है, और डीकोड करता है, कि कैसे कर्सर ले जाया गया था, या किस बटन पर क्लिक किया गया था। आमतौर पर, एक यूएसबी रिसीवर कंप्यूटर में प्लग किया जाता है और कॉर्डलेस माउस से सिग्नल प्राप्त करता है।

एक वायरलेस माउस स्वतंत्रता प्रदान करता है जिसे आप वायर्ड माउस से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। वायरलेस माउस होने से आप वहीं से काम कर सकते हैं जहां आप सबसे अधिक आरामदायक होते हैं ।



Logitech M190 Wireless Mouse

## Rackball Mouse

Trackball Mouse के ऊपर एक बॉल होता है, जिसमे सेंसर होता है । आप बॉल को आपके अंगूठे से घुमाएंगे तो स्क्रीन के ऊपर कर्सर मूव होगा। ट्रैकबॉल माउस उल्टा माउस की तरह दिखता है।

ट्रैकबॉल को आमतौर पर माउस कर्सर को मूव कराने के लिए कम मेहनत लगती है। राल्फ बेंजामिन द्वारा 1946 में पहली ट्रैकबॉल डिवाइस का आविष्कार किया गया था। इसका नाम "रोलर बॉल" था, इसे एक मिलटेरी रडार प्लॉटिंग सिस्टम के साथ उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया था।



Kensington Orbit Trackball Mouse

## Ball Mechanical Mouse

यह सबसे पहले माउस में से एक माउस है जो पहले के जमाने के कंप्यूटर के साथ उपयोग किआ जाता था। Mechanical Mouse के निचे एक रबर का बॉल फिट था जो गति को ट्रैक करने में काम आता था।आप कर्सर को जिस दिशा में लेके जायेंगे बॉल उसी दिशा के और घूमता था।

Mechanical Ball Mouse का नुकसान यह है कि यह सुपर चिकनी सतहों पर काम नहीं कर सकता है।

साथ ही, कंप्यूटर सिस्टम के सुचारू कामकाज को बनाए रखने के लिए माउस को नियमित रूप से साफ करने की आवश्यकता होती है।

यह माउस काफी पुराना है और शायद ही कभी यह मार्किट में मिलता हो।



Mechanical Ball Mouse

## Optical Mouse

आज के ज्यादातर कंप्यूटर के माउस ऑप्टिकल है। इस डिवाइस में निचे तरफ पुराने रबर बॉल के जगह एलईडी लाइट का उपयोग होता है। यह माउस सतह पर इंफ्रारेड लाल लाइट का उपयोग कर के मूवमेंट का पता लगता है।

इंफ्रारेड लाल लाइट के वजह से माउस सभी सतहों पर काम नहीं करता है, Optical Mouse के परिणाम आपके डिस्प्ले पर स्मूथ मूवमेंट और सटीक पॉइंटिंग के वजह जिसके लिए माउस पैड की आवश्यकता नहीं होती है ।

जैसे की आप कोई क्लियर गिलास के ऊपर इस माउस का उपयोग करेंगे तो काम नहीं करेगा।



Optical Laser mouse

## Gaming Mouse

कंप्यूटर में गेम खेलने वाले यूजर के लिए गेमिंग माउस वायर्ड और वायरलेस दोनों डिजाइनों में उपलब्ध होता हैं। गेमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए स्टैण्डर्ड मॉडल से परे अतिरिक्त विशेषताएं शामिल होती हैं।

Gaming Mouse में सामान्य तौर पर, एक उच्च DPI सेटिंग्स (1000 DPI और अधिक) का उपयोग गेमिंग के साथ-साथ बहुत उच्च रिज़ॉल्यूशन वाले मॉनिटर के लिए किया जाता है।

इन माउस में अत्याधिक सटीकता, कम समय में जल्दी प्रतिक्रिया करना और गेम खेलते समय कम मेहनत लगना जैसे फीचर रहते है।

इसमें आम माउस से ज्यादा बटन होते है जिसमे आप प्रोग्राम के अनुकूल अलग अलग काम करते है।



Logitech High Performance Wired Gaming Mouse

# 3D Mouse

एक 3D Mouse आपके पारंपरिक माउस की तरह एक पॉइंटिंग और कंट्रोल डिवाइस होती है। लेकिन वर्चुअल 3D स्पेस में मूवमेंट करने के लिए विशेष तरह का माउस है।

एक 3D माउस में 3D वातावरण में मॉडल को नियंत्रित करने के कई तरीके होते है जिनमें मल्टी-एक्सिस सेंसर, एक्सेलेरोमीटर और यहां तक कि IR सेंसर भी शामिल हैं।

ये माउस पेशेवर क्षेत्रों जैसे आर्किटेक्चर, CAD, 3D डिज़ाइन और 3D मॉडलिंग में बहुत लोकप्रिय हैं। कई डिज़ाइनर, इंजीनियर और 3D प्रोफेशनल अपने काम में 3D Mouse का उपयोग करना पसंद करते हैं क्योंकि वे प्रोडक्टिविटी और आराम दोनों को बढ़ाते हैं।



3Dconnexion 3DX-700040 SpaceMouse Pro 3D Mouse

माउस का इंटरफ़ेस यानि माउस कंप्यूटर से कैसे संचारित करता है। वायर वाले माउस में उनका इंटरफ़ेस तले इलेक्ट्रिक कॉर्ड का उपयोग करते हैं। इसके अलावा वायरलेस माउस इन्फ्रारेड लाइट या रेडियो सिग्नल ब्लूटूथ के माध्यम से डेटा संचारित करते हैं। आजकल ज़्यदातर कंप्यूटर माउस USB Port इंटरफ़ेस का उपयोग करते है। निचे दिए गए सूचि में कंप्यूटर माउस का इंटरफ़ेस है :

- **Serial Port**
- **PS/2 Port**
- **USB**
- **Infrared**
- **Bluetooth**

## Serial Port

पहले के कंप्यूटर पर एक **एसिंक्रोनस पोर्ट** का उपयोग सीरियल डिवाइस को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए किया जाता था, ये मदरबोर्ड पर होते थे, जिसमे USB और PS/2 का इंटरफ़ेस नहीं था।

और यह एक बार में 1 BIT डेटा ट्रांसमिट करने में सक्षम होता है। सीरियल पोर्ट आमतौर पर आईबीएम-संगत कंप्यूटरों पर **COM (Communication)** पोर्ट के रूप में पहचाने जाते हैं।

## PS/2 Port

PS/2 का फुल फॉर्म है पर्सनल सिस्टम 2 यह इंटरफ़ेस IBM द्वारा विकसित किया गया था। यह मदरबोर्ड के पीछे में होता है। जिसे माउस पोर्ट या कीबोर्ड पोर्ट भी कहा जाता है।

इसका उपयोग कंप्यूटर माउस या कीबोर्ड को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए किया जाता है। इसमें 6 पिन वाले प्लग होते है और दो कलर के होते है एक हरा और दूसरा बैंगनी कलर के पोर्ट है। हरा पोर्ट में PS/2 माउस ही कनेक्ट होता है।

## USB Port

आज कल सारे डिवाइस USB से कनेक्ट होते है। सभी आधुनिक कंप्यूटरों में कम से कम एक USB Port होता है। यह एक प्लग एंड प्ले इंटरफ़ेस है जिसको Universal Serial Bus कहा जाता है। USB से जुड़े डिवाइस कंप्यूटर से कम्यूनिकेट करते हैं, कीबोर्ड और माउस से लेकर म्यूजिक प्लेयर और फ्लैश ड्राइव सारे USB Port के इंटरफ़ेस से कनेक्ट होजाते है।

## Infrared

वायरलेस माउस Infrared (IR) इंटरफ़ेस का उपयोग करके कंप्यूटर से कनेक्ट होते है। इंफ्रारेड रेडियो सिग्नल का उपयोग कर के कंप्यूटर से डेटा को ट्रांसमिट करता है।

## Bluetooth

ब्लूटूथ इंटरफ़ेस आज के मॉडर्न वायरलेस कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी है जिसका उपयोग एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस को कनेक्ट करना काम है। ब्लूटूथ रिसीवर से वायरलेस माउस कनेक्ट होजाता है। ब्लूटूथ रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करके एक सिमित एरिया यानि 10 मीटर के अंदर में डिवाइस को कनेक्ट कर के देता है।

## माउस के कितने भाग होते हैं | Parts of a Computer Mouse

कंप्यूटर माउस के विभिन्न भाग है जो स्थिर रूप से काम करने के लिए होते हैं। आजके आधुनकि Mouse में बहोत से भाग होते हैं और उपयोगकर्ता के कार्यात्मकता बढ़ाने के लिए कई विकल्प मिलते हैं, माउस के सभी भाग उनके कामों के साथ नीचे दिए गए हैं:

- **Mouse Buttons**
- **Ball, Laser Light or LED**

- **Mouse wheel**
- **Mouse's Circuit board**
- **Microprocessor**
- **Wireless Receiver**
- **Other parts**

## Mouse Buttons

आजकल, लगभग सभी Mouse में दो बटन होते हैं, जिसमे **Left** और **Right** बटन होते हैं। इन दोनों बटनों का किसी भी ऑब्जेक्ट और टेक्स्ट के ऊपर काम करने के लिए भी उपयोग किया जाता है। पुराने समय में, कंप्यूटर माउस में सिर्फ एक ही बटन हुआ करता था। उदाहरण के लिए, अधिकांश शुरुआती **Apple** के कंप्यूटर Mouse में केवल एक ही बटन होता था।

जब कोई यूजर Mouse के कोई एक बटन पर क्लिक करता है, तो यह स्क्रीन पर इस गतिविधि के लिए कंप्यूटर के साथ संचार करता है। Mouse के ये दो बटन Left और Right उपयोगकर्ताओं को कंप्यूटर पर अलग-अलग निर्देश को इनपुट करने की अनुमति देते हैं, जो उपयोगकर्ताओं द्वारा Left और Right बटन पर क्लिक करने पर आधारित होता है। एक कंप्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम में माउस ड्राइवर पहले से मौजूद होता है और इसके कॉन्फ़िगरेशन के आधार पर Left या Right क्लिक के निर्देश को समझता है।

## Ball, Laser Light or LED

एक Mouse, पुराने समय का यह एक मैकेनिकल माउस है, उसमे एक बॉल और रोलर्स का उपयोग करता है, और आजके एक ऑप्टिकल माउस है तो लेजर या LED लाइट का उपयोग करता है। ये भाग में Mouse को X -axis और Y -axis दिशाओं पर मूवमेंट को ट्रैक करने और Mouse कर्सर को स्क्रीन पर ले जाने की अनुमति देते हैं।

## Mouse Scroll wheel

एक स्क्रॉल व्हील माउस के लेफ्ट बटन और राइट बटन के बिच स्थित होता है जो स्क्रॉलिंग के लिए उपयोग किया जाने वाला एक पहिया है। यह शब्द आमतौर पर कंप्यूटर Mouse पर पाए जाने वाले ऐसे व्हील को संदर्भित करता है, जो उन्हें माउस व्हील भी कहा जा सकता है।यह व्हील सभी माउस पर पाए जाते हैं। Mouse के इस व्हील को ऊपर नीचे घुमाने से पेज स्क्रॉल होता है। आप वेब ब्राउज़र का उपयोग कर रहे हैं और इस व्हील को घुमाएंगे तो वेबपेज ऊपर निचे होगा। कुछ **एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर** में कभी-कभी व्हील को बाएँ और दाएँ दबाया जा सकता है, जो कि केवल दो अतिरिक्त फंक्शन बटन होते हैं।

## Mouse's Circuit board

माउस ढाँचा के अंदर एक सर्किट बोर्ड स्थित होता है, जिसका सभी Mouse सिग्नल सूचनाओं, क्लिकों और अन्य सूचनाओं को ट्रांसमिट करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस सर्किट बोर्ड में सभी इलेक्ट्रॉनिक के कॉम्पोनेन्ट जैसे डायोड, रजिस्टर, कैपेसिटर, और बहुत कुछ शामिल होते हैं। जब कोई उपयोगकर्ता उपयोग करते समय माउस बटन, स्क्रॉलिंग आदि पर क्लिक करके कोई निर्देश देता है तो यह सर्किट बोर्ड इलेक्ट्रॉनिक संकेतों के रूप में इनपुट को स्वीकार करता है।

## Microprocessor

यह एक प्रोसेसर चिप है जो Mouse के सर्किट बोर्ड में लगा रहता है। कंप्यूटर माउस के सभी घटक माइक्रोप्रोसेसर के बिना काम करने में सक्षम नहीं होते हैं, यह प्रोसेसर चिप सारे निर्देश को लेकर कंप्यूटर के साथ संचार करता है यह Mouse का मस्तिष्क माना जाता है।

## Wireless Receiver

कॉर्ड वाले यूएसबी Mouse में एक प्लग के साथ एक मोटा तार होता है जो कंप्यूटर से जुड़ता है। यदि माउस वायरलेस हो, तो उसे वायरलेस सिग्नल प्राप्त करने के लिए एक यूएसबी वायरलेस रिसीवर की आवश्यकता होती है, जैसे की ब्लूटूथ, इन्फ्रारेड, रेडियो सिग्नल और इसे कंप्यूटर में इनपुट किआ जाता है फिर वायरलेस Mouse काम करने लगता है।

## Other parts

अन्य कंप्यूटर जैसे की लैपटॉप जिसमे बिल्ट इन माउस स्थापित होकर आता है इसमें कुछ माउस घटकों की आवश्यकता नहीं होती है। उदाहरण के लिए, एक लैपटॉप कंप्यूटर में एक **टचपैड** शामिल होता है जो Mouse के मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए बॉल, एलईडी या लेजर लाइट का उपयोग नहीं करता है।

## माउस का दूसरा नाम क्या है ?

कंप्यूटर माउस का दूसरा नाम पॉइंटिंग डिवाइस, माइस या पॉइंटर के रूप में जाना जाता है। यह एक हाथ से संचालित इनपुट डिवाइस है जिसका कंप्यूटर **मॉनिटर** स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट या प्रोग्राम को संचालित करने के लिए उपयोग किया जाता है।

- **FAQ**

### माउस के जनक कौन है?

कंप्यूटर माउस जैसे की साठ के दशक में अविष्कार किआ गया, Mouse को स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट में दो इंजीनियर ने अविष्कार किआ था, माउस का प्रयोग पहली बार 1973 में ज़ेरॉक्स ऑल्टो कंप्यूटर सिस्टम के साथ किया गया था।
माउस के जनक हैं : Douglas Carl Engelbart, Bill English

# मॉनिटर क्या है? इसके प्रकार और विशेषताए

SHARMA COMPUTER AND TYPING INSTITUTE

## मॉनिटर क्या है और मॉनिटर के प्रकार

आज कल इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में यह जरूरी है कि आपको कंप्यूटर के सभी हिस्सों के बारे में विस्तार से पता हो।तो आइए हमारे इस लेख मॉनिटर क्या है? की मदद से Monitor Kya Hota Hai और Monitor Ke Prakar के बारे में विस्तार से जानते हैं।

# Monitor Kya Hai

मॉनिटर एक आउटपुट डिवाइस होता है जो दिखने में हूबहू टीवी (टेलीविजन) की तरह दिखता है लेकिन इसमें चैनल बदलने का विकल्प नहीं होता है।मॉनिटर कंप्यूटर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बिना मॉनिटर कंप्यूटर पूरी तरह से अधूरा माना जाता है।यह 0 केअंदर चल रही सभी प्रक्रियाओं को सॉफ्ट कॉपी के रूप में अपनी स्क्रीन पर दिखाता है जिससे कंप्यूटर पर काम करना आसान हो जाता है। इसे Visual Display Unit भी कहा जाता है।






तो आपने यह तो जान लिया कि मॉनिटर क्या होता है? आइए अब जानते है Monitor Kitne Prakar Ke Hote Hain,

## Monitor Ka Full Form

वैसे देखा जाए तो मॉनिटर शब्द का अपना एक अर्थ होता है।Full Form of Monitor – "Mass On Newton Is Train On Rat".

## Types of Monitor (मॉनिटर के प्रकार )

आज के इस डिजिटल युग में आपको कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत जरुरी है, अगर कोई भी आपसे पूँछता है कि Monitor Avn Uske Prakar Samjhaie (मॉनिटर एवं इसके प्रकार समझाइए ) तो आपको इसके बारे में पता होना चाहिए इसलिए आज हम आपको मॉनिटर के प्रकार के बारे में पूरी जानकारी प्रदान करेंगे।

## CRT Monitor

1970 के दशक के समय की Black And White दुनिया का हिस्सा बना था, इसका मतलब यह है कि ये मॉनिटर सिर्फ Black and White Display के होते थे, जो आकार में बहुत बड़े होते थे।Heavy और Costly होने के कारण आज कल इनकी जगह सस्ते और हल्के मॉनिटर का इस्तेमाल किया जाता है।



## LCD Monitor (Liquid Crystal Display)

यह डिजिटल टेक्नोलॉजीहै, यह डिस्प्ले कम जगह घेरता है।सबसे पहले इस Display का उपयोग लैपटॉप में होता था लेकिन अब यह स्क्रीन डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती है।



## LED Monitor (Light Emitting Diode)

इसकी खासियत यह है कि ये हाइयर कंट्रास्टवाली इमेज का उत्पादन करता है। यह महंगे जरूर है लेकिन चलते समय गर्मी पैदा नहीं करते हैं, इसमें बहुत कम पावर का इस्तेमाल होता है। ये Environment Friendly भी होते हैं।



# PLASMA MONITOR

इसकी स्क्रीन कांच की बनी होती हैं इसे Plasma Display भी कहा जाता है क्योंकि यह बहुत छोटे-छोटे सेल्स का इस्तेमाल करते हैं जिसमें 'Electrically Charged Ionized Gas' भरी होती है लेकिन सस्ते LED औ रLCD होने के कारण इसे ज्यादा पसंद नहीं किया गया।



# Monitor Ke Bare Mein Jankari In Hindi

मॉनिटर की विशेषताएँ यह होती है कि यह काफी अच्छी क्वालिटी के Displsy Full HD आकार के होते है जिससे इसके सामने लंबे समय तक बैठ कर काम किया जा सकता है।मॉनिटर का Responce Time Milliseconds होता है।मॉनिटर की सहायता से कंप्यूटर के साथ Interact कर पाते है।इसके बिना कंप्यूटर को अधूरा ही माना जाता है।मॉनिटर की सहायता से हम किसी भी एप्लीकेशन, फाइल को ओपन कर सकते है। monitor

मॉनिटर एक विजुअल आउटपुट डिवाइस होता है जो कंप्यूटर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।यह इमेज, वीडियो, Text को रियल टाइम में दिखाता है। इसकी मदद से कंप्यूटर के साथ काम करना आसान होता है और हम अपनी इच्छा से कोई भी एप्लीकेशन या फाइल को प्रक्रिया Millisecond से भी कम समय ओपन कर सकते हैं।

# What is a Scanner?

# स्कैनर क्या है | उपयोग और प्रकार

स्कैनर किसे कहते है? सरल शब्दों में, Scanner एक ऐसी डिवाइस है जो किसी Document या Picture को Scan करके उसे **Digital Format** (Soft Copy) में बदल देता है। इसके बाद उस डॉक्यूमेंट को कंप्यूटर में देखा (Viewed) और संपादित (Edited) किया जा सकता है।

तो Scanner का मुख्य कार्य Document को Scan करना, जानकारी को "Digitize" करना और उसे कंप्यूटर तक भेजना है। इसकी कार्यप्रणाली के कारण इसे Input Device भी कहा जाता है। ये Black & White और Color Pictures को Scan करने में सक्षम होते है।

ये प्रकाश की एक किरण (Light Beam) को Document की सतह पर चमकाकर काम करते है। जिसके बाद यह प्रकाश Mirrors और Lenses की एक श्रृंखला से परावर्तित होकर **Charged-Coupled Device (CCD) Sensor** तक पहुँचता है। फिर CCD प्रकाश के कलर का पता लगाता है। जिसके बाद इसका उपयोग Digital Image बनाने के लिये किया जाता है।

Scanners आमतौर पर सॉफ्टवेयर के साथ आते है, जो इससे डेटा को इम्पोर्ट करते है। ये सॉफ्टवेयर **Optical Character Recognition (OCR)** Technology का उपयोग करते है। जिससे आप Scanned Text Document को Digital File में बदलकर उसे Word Processor में एडिट कर सकते है।

स्कैनर के अविष्कार का श्रेय अमेरिकन इंजीनियर **Russell A. Kirsch** को दिया जाता है। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर सन 1957 में US National Bureau of Standards में पहले Image Scanner को विकसित किया था।

विभिन्न प्रकार के Scanners अलग-अलग Resolution के साथ उपलब्ध है। लेकिन अगर आप Photos के साथ काम करना चाहते है, तो आपको High-resolution वाले Scanner की आवश्यकता हो सकती है।

SHARMA COMPUTER AND TYPING INSTITUTE

**स्कैनर के उपयोग क्या है – Uses of Scanner in Hindi: –**

Document की कई सारी Copies निकालने के लिये आप Scanner का उपयोग कर सकते है। इसके लिये आपको अलग से Photocopier Machine या Printer की आवश्यकता नही है।

Digital Archiving के लिये भी इसका उपयोग आम है। इसका इस्तेमाल आप अपने Document की Digital Copy बनाने और सेव करने के लिये कर सकते है।

रीसर्च प्रोजेक्ट के लिये भी ये उपयोगी होते है। इसमें अक्सर आपको कई सारी पुस्तकों से जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता होती है। ऐसे में आप उन महत्वपूर्ण पेज को स्कैन करके अपने कंप्यूटर में सेव कर सकते है।

Scanner का उपयोग आप Hard Copy Photos को इंटरनेट के माध्यम से अपने मित्रों और परिवार के साथ शेयर करने के लिये कर सकते है।

# स्कैनर कितने प्रकार के होते है – Types of Scanner in Hindi?

अपनी पुरानी तस्वीरों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कंप्यूटर में सेव करने के लिये Scanners बहुत उपयोगी डिवाइस है। अगर आप अपने कार्यक्षेत्र को *Paperless* करना चाहते है, तो आपके लिये एक सही Scanner चुनना बेहद महत्वपूर्ण है।

Scanner कई प्रकार के होते है। नीचे कुछ मुख्य प्रकारों के बारे में बताया है। आप अपनी आवश्यकता के अनुसार किसी एक का चुनाव कर सकते है।

## Flatbed Scanner



SHARMA COMPUTER AND TYPING INSTITUTE

यह एक **Optical Scanner** है। जो आपके डॉक्यूमेंट की Scanning के लिए Paper, Photograph, Book या अन्य वस्तु की Sheet को रखने के लिए एक सपाट काँच की सतह का उपयोग करता हैं। हम इसे सिर्फ फ्लेटबेड के नाम से भी जानते हैं।

यह हमारे डॉक्यूमेंट के सभी Element को Capture करने के लिये सक्षम है। आपको अपने डॉक्यूमेंट को Scan करने के लिए ग्लास के उप्पर रख देना है और फिर इसके ढक्कन को बंद कर देना है। जिस तरह से यह डॉक्यूमेंट को Scan करते हैं वह यह है कि Image प्राप्त करने के लिए डॉक्यूमेंट के नीचे एक Mechanism Roll करता हैं।

कुछ ऐसे भी Flatbed Scanner बाज़ार में उपलब्ध है, जिनमें Automatic Document Feeder और Wireless या Bluetooth Connectivity जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी होती हैं।

उच्च प्रोसेसिंग क्षमता की आवश्यकता वाले व्यवसाय के लिए, फ्लेटबेड एक Button के एक क्लिक के साथ किसी भी डॉक्यूमेंट को स्कैन कर सकता हैं। Flatbed यूजर द्वारा सबसे अधिक उपयोग किये जाने वाले Scanners की श्रेणी में आते हैं।

## Handheld Scanner



यह एक Electronic Device है जिसका इस्तेमाल हम अक्सर फिजिकल डाक्यूमेंट्स को डिजिटल फॉर्मेट्स में बदलने करने के लिए करते हैं। इसे नेटवर्क के भीतर डिजिटल रूप से स्टोर्ड, एडिट, ट्रांसफर या ईमेल किया जा सकता है।

Handheld Scanner, Barcode को Read कर सकता हैं। Red या Infrared Light के साथ Code Pattern को Detect कर सकता हैं। इसमें एक वास्तविक Reading Unit और Downstream Decoding Unit होती है। डिकोडिंग यूनिट को लगभग सभी प्रकार के डिवाइस में रेडिंग यूनिट में एकीकृत किया जाता है। इसका इस्तेमाल अधिकतर रिटेल, लॉजिस्टिक्स और उद्योगों में किया जाता हैं।

## Drum Scanner



इसका उपयोग मुख्य रूप से किसी Image से High Resolution को कैप्चर करने के लिए किया जाता हैं। स्कैन की जाने वाली वस्तु से प्रकाश को अलग-अलग ब्लू, रेड, और ग्रीन के बीमों में स्प्लिट किया जाता हैं जिससे इमेज सटीक होती हैं।

फोटोग्राफ और पारदर्शिता को एक स्पष्ट Cylinder (ड्रम) में फिट किया जाता हैं जो स्कैनिंग ऑपरेशन के दौरान 1000 RPM से अधिक की गति से घूमता हैं। एक लाइट सोर्स जो एक Pixel पर फ़ोकस होता हैं, उसे ड्रम पर बीमित किया जाता है और एक समय में ड्रम को एक लाइन में नीचे लाया जाता है।

पारदर्शिता के लिए Light को Cylinder के सेंटर से डायरेक्ट किया जाता है। अपारदर्शी वस्तुओं के लिए एक रिफ्लेक्टिव लाइट सोर्स का इस्तेमाल किया जाता हैं। दर्पण RGB वैल्यूज को फ़िल्टर करते हैं और उन्हें ड्रम स्कैनर की Photomultiplier tube (PMT) में भेजते हैं। जब तीन PMT का इस्तेमाल किया जाता है तो एक तेज Signal पास किया जाता हैं।

Drum Scanner को नियमित Flatbed का जबरदस्त अपग्रेड संस्करण माना जाता हैं। इस प्रकार के स्कैनर का प्रोडक्शन केवल कुछ ही कंपनियां करती हैं।

## Photo Scanner



यह भी एक प्रकार का Optical Scanner है। जिसे मुख्य रूप से Photos को Scan करने के लिए बनाया गया है। अपने फ़ोटो को स्कैन करने के लिए आप इसके ढक्कन को उठाते हैं। जिस पर आप अपनी फोटो रखते है।

यह सामान्य उद्देश्य के Scanners से छोटे होते हैं। लेकिन यह High-Resolution प्रदान करते हैं। यह 300dpi या High-Resolution पर 3×5 inches या 4×6 Inches के फोटोग्राफ्स को स्कैन कर सकता है। कुछ High-end फ़ोटो स्कैनर नेगटिव और स्लाइड को भी स्कैन कर सकते हैं।

अगर आप फ़ोटो कलेक्शन के शौकीन है, तो आप अपने प्रिंट और फ़िल्म को डिजिटाइज़ करने के लिए Photo Scanner की और रुख कर सकते हैं।

## Book Scanner



यह एक प्रकार का Overhead Scanner है। विशेष रूप से इन्हें किताबों या पत्रिका की स्कैनिंग करने के लिए बनाया गया हैं। एक V आकार का Cradles जिस पर किताबों की रीढ़ को बिना काटे किताबें रखी जाती हैं । दो ओवरहेड कैमरे पेज के हर हिस्से को एक के बाद एक कैप्चर करते रहते है। प्रत्येक पेज को पुस्तक के Mentioned पेज संख्या के क्रम में स्टोर किया जाता हैं।

इन स्टोर्ड Images को Bulk Cleaning Tool का उपयोग करके पोस्ट-प्रोसेस किया जाता है। जिसके बाद इसमें से एक PDF बनाया जाता है। इसे Non-Destructive के नाम से भी जाना जाता हैं।

## Big Format Scanner



इनका उपयोग बड़े आकार के डॉक्यूमेंट (शीट) को स्कैन करने के लिए किया जाता है। सिविल ठेकेदार, आर्किटेक्ट, मैप लिस्टर और बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर इत्यादि इन्ही का उपयोग करते हैं।

## Sheetfed Scanner



इसे हम ऑटोमेटिक डॉक्यूमेंट या ADF Scanner के नाम से भी जानते है। यह एक **Digital Imaging System** है। जिसे विशेष रूप से पेपर की एक शीट को स्कैन करने के लिए बनाया गया हैं। इसका उपयोग व्यवसायों द्वारा ऑफिस के डाक्यूमेंट्स को स्कैन करने के लिए किया जाता है। यह बुक्स और अन्य मोटी वस्तुओं को स्कैन नही कर पाता हैं।

## Bar Code Scanner



- इसे POS स्कैनर भी कहा जाता है। इसका उपयोग Barcode से डेटा इनपुट करने के लिए किया जाता हैं। दुकानों में अधिकांश Product पर Barcode होते हैं।
- Barcode Reader उन लाइनों पर प्रकाश की किरण को प्रतिबंधित करने का काम करते हैं जो बार कोड बनाती हैं, और परावर्तित प्रकाश की मात्रा की पहचान करती हैं। इसका उपयोग दुकानों के प्रोडक्ट कोड को स्कैन करने के लिए किया जाता है।

## स्कैनर उपयोग करने के लाभ (Advantages)

- घर और कार्यस्थल में Scanner का उपयोग करने के निश्चित रूप से कई सारे लाभ है। यह डिवाइस आपकी कार्यक्षमता और दक्षता को बढ़ाने में मदद करता है। नीचे Scanner का उपयोग करने के कुछ मुख्य लाभ बताये गए है।
- आज के समय मार्केट में ऐसे Scanners मौजूद है जो आपको High-resolution Scans प्रदान करते है। आप अधिक डिटेल के साथ उच्च गुणवत्ता वाले Document और Images को प्राप्त कर पाते है।
- अक्सर Paper Document के क्षतिग्रस्त होने, गुम होने और चोरी हो जाने की संभावना बनी रहती है। Scanner की मदद से आप उन सभी Documents की Digital Copies बना कर अपने कंप्यूटर में सेव कर सकते है।
- इनका एक मुख्य लाभ ये है कि इसे उपयोग करना बेहद आसान है। इसके लिये आपको किसी जटिल सेटअप या कॉन्फ़िगरेशन की आवश्यकता नही होती है।
- आप अपनी महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट फाइलों को जल्दी और आसानी से प्राप्त कर सकते है। जबकि अगर वह डाक्यूमेंट्स आपके Desk में या Drawer में रखे होते तो आपको काफी समय लगता किसी विशेष डॉक्यूमेंट को ढूढ़ने में।
- इनका उपयोग करना Environmental Friendly होता है। चूंकि आप अपने दस्तावेजों को Digital Files के रूप में सेव करते है। इससे पेपर की बर्बादी नही होती और यह पर्यावरण की दृष्टि से फायदेमंद है।

SHARMA COMPUTER
AND TYPING INSTITUTE

- Scanned Documents अधिक सुरक्षित किये जा सकते है। आप अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज फाइलों को स्कैन करके पासवर्ड द्वारा सुरक्षित बना सकते है

४=

- आप Scanned Documents को Word Processor का उपयोग करके आसानी से Edit कर सकते है।
- Scanner की मदद से आप दस्तावेजों या छवियों को विभिन्न File Formats जैसे PDF, इत्यादि में सेव कर सकते है।

## Printer क्या है? इसकी परिभाषा, प्रकार, कार्य और उपयोग



क्या आप **प्रिंटर** के बारे में जानना चाहते हो जैसे की **प्रिंटर क्या होता है**? और इसके प्रकार क्या है? तो आप सही ब्लॉग पर आए हो क्यूंकि इस ब्लॉग में आप प्रिंटर से जुडी सभी जानकारियों को हिंदी भाषा में समझ जाओगे Printer Kya Hai in Hindi.



प्रिंटर एक ऐसा आउटपुटउपकरण है जिसका इस्तेमाल आउटपुट को पेपर पर छापने के लिए किया जाता है। प्रिंटर द्वारा किये गए आउटपुट प्रिंट को प्रिंट आउट कहते है। आवस्यकता, कार्य क्षमता और बजट के अनुसार प्रिंटर अलग-अलग प्रकार के होते है। तो आइये जानें प्रिंटर क्या है और प्रिंटर कितने प्रकार के होते है :

# प्रिंटर क्या है?

प्रिंटर, कंप्यूटर का एक आउटपुट उपकरण है जो की कंप्यूटर के इनफार्मेशन और आउटपुट डाटा को पेपर पर प्रिंट करती है। आसान शब्दों में प्रिंटर एक हार्डवेयर उपकरण है जो की कंप्यूटर डाटा को लेकर उस डाटा की हार्ड कॉपी बनाने का कार्य करती है। प्रिंटर सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटर उपकरणों में से एक है और इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल दस्तावेज, तस्वीरें और इमेजेस प्रिंट करने के लिए किया जाता है।

अलग प्रकार के प्रिंटरों के कार्य करने तथा प्रिंट करने का तरीका अलग-अलग होता है साथ ही इनके प्रिंट करने की गुणवत्ता और गति भी भिन्न होती है। अलग-अलग तरह केप्रिंटर, पेपर पर प्रिंट करने के अलावा लकड़ी, प्लास्टिक, मेटल या किसी भी ढोस सतह पर भी प्रिंट कर सकते है।

प्रिंटरों को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए भिन्न भिन्न इंटरफ़ेस वाले केबल्स प्रयोग में लाये जाते है। जिनमें ईथरनेट पोर्ट, फायर वायर पोर्ट, USB पोर्ट, सीरियल पोर्ट, वायरलेस और ब्लूटूथ शामिल है। वर्तमान में प्रिंटर्स USB पोर्ट वाले अधिक होते है।

# प्रिंटर का आविष्कार किसने किया?

कंप्यूटर के इतिहास में सबसे पहला कंप्यूटर प्रिंटर साल 1953 में Remington-Rand कंपनी द्वारा UNIVAC कंप्यूटर में इस्तेमाल के लिए बनाया गया। इसके बाद साल में 1957 में IBM कंपनी द्वारा दुनिया का पहला डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर बनाया गया। आगे चलकर प्रिंटर के क्षेत्र में बहुत से अविष्कार हुए।


साल 1983 चेस्टर कार्लसन नाम के अविष्कारक ने इलेक्ट्रोफोटोग्राफिक ड्राई प्रिंटिंग प्रोसेस तकनीक का अविष्कार किया। जिसे आम भाषा में ज़ेरॉक्स कहा गया। ज़ेरॉक्स तकनीक को आधुनिक लेज़र प्रिंटिंग तकनीक का शुरुवात माना जाता है।

अविष्कारक चेस्टर कार्लसन, जब ज़ेरॉक्स तकनीक पर काम कर रहे थे तो उन्होंने दुनिया का पहला लेज़र प्रिंटर का अविष्कार किया। और लेज़र प्रिंटर का अविष्कार साल 1971 में पूरा हुआ।

# प्रिंटर के प्रकार

कंप्यूटर के प्रिंटर्स कई तरह के होते है जैसे लेज़र प्रिंटर, इंकजेट प्रिंटर, थर्मल प्रिंटर, ऑल इन वन प्रिंटर, डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर आदि। लेकिन वर्तमान में कंप्यूटर के साथ मुख्यतः इंकजेट और लेज़र प्रिंटर का इस्तेमाल किया जाता है। प्रिंटर्स के कार्य विधि और तकनीक के अनुसार सभी प्रिंटर के दो मुख्य श्रेणी है: पहला इम्पैक्ट प्रिंटर्स और दूसरा है नॉन इम्पैक्ट प्रिंटर्स।

SHARMA COMPUTER
AND TYPING INSTITUTE



प्रिंटर के प्रकार (Types of Printers)

# इम्पैक्ट प्रिंटर

इम्पैक्ट प्रिंटर्स में छोटे छोटे पिंस या मुद्रित हैमर तथा स्याही लगा रिबन होता है। जब पिनें फीते यानि रिबन पर चोट करती है तो स्याही की छाप पेपर पर लग जाती है। इस क्रियाविधि को इलेक्ट्रो मेकैनिकल मेकनिज़्म के रूप में जाना जाता है।

कंप्यूटर पर प्रिंट आउट आदेश देने पर ये पिंस व्यवस्थित रूप से संचालित होकर विभिन्न प्रकार के अंक, अक्षर तथा चित्र छापते है। इसके उदहारण डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर और डेज़ी व्हील प्रिंटर है|

इम्पैक्ट प्रिंटर मुख्यतः दो प्रकार के होते है : करैक्टर प्रिंटर्स और लाइन प्रिंटर्स। आइये जाने इन प्रिंटर्स के बारे में।

# करैक्टर प्रिंटर्स

कॅरेक्टर प्रिंटर एक बार में पेपर पर गतिमान होकर सिर्फ एक ही वर्ण छापता है और इसकी गति भी अपेक्षाकृत धीमी होती है जैसे डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर। इसे सीरियल प्रिंटर भी कहते है। इसकी गति 200 से 400 वर्ण प्रति सेकण्ड तक होती है जो की लगभग 90 से 180 लाइन्स प्रति मिनट होती है। कॅरेक्टर प्रिंटर के प्रकार है : डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर और डेज़ी व्हील प्रिंटर्स।

# डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर

डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर की गति तथा छपाई की गुणवत्ता इसमें प्रयोग होने वाले पिनों की संख्या पर निर्भर करती है। यह भी 80 कॉलम और 132 कॉलम दो तरह की क्षमताओं में आते है। इसमें प्रिंटिंग का खर्चा बांकी प्रिंटरों की अपेक्षा कम आता है लेकिन प्रिंट की गुणवत्ता और स्पीड दूसरे प्रिंटर्स के मुकाबले कम होती है।

# डेज़ी व्हील प्रिंटर्स

इसकी कार्य प्रणाली एक टाइपराइटर की तरह ही है। इस प्रिंटर का मुख्य भाग गोलाकार होता है जिसे डेज़ी व्हील कहा जाता है और इस व्हील के परिधि में पहले से निर्धारित अक्षर और वर्णमाला होती है। इस व्हील के परिधि के पंखुड़ियों में अंक, अक्षर और चिन्ह होती है। ये प्रिंटिंग व्हील एक मोटर की सहायता से तेजी से घूमता है और जब प्रिंट की बारी आती है तो ये रूककर प्रिंट हैमर पेपर पर दबाती है जिससे पेपर पर प्रिंट होता है।




डेज़ी व्हील प्रिंटर

इस प्रिंटर को डेज़ी व्हील प्रिंटर इसलिए कहा जाता है क्योकि इसके अंदर का डेज़ी व्हील एक डेज़ी नामक फ्लावर के जैसा है। डेज़ी व्हील प्रिंटर केवल अक्षर, अंक और चिन्हे (symbols) प्रिंट कर सकते है यानि ये फोटो, इमेजेस या किसी भी तरह के ग्राफ़िक्स छाप नहीं सकते। इसके प्रिंट करने की गति लगभग 10 से 75 कॅरेक्टर प्रति सेकंड तक होती है यानि ये एक बहुत धीरे चलने वाला प्रिंटर है।


# लाइन प्रिंटर्स

करैक्टर प्रिंटर की तुलना में ये तेज होते है। इनके प्रिंट करने की क्षमता लगभग एक बार में 400 से 6000 लाइन्स प्रति मिनट तक होती है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर औद्योगिक क्षेत्र और डाटा सेंटर्स में किया जाता है। इसे बार प्रिंटर्स भी कहा जाता है। ये एक बार में एक पुरे लाइन को छापती है इसलिए इसे लाइन प्रिंटर कहते है। इसके लिए प्रिंटर पेपर पर एक बार में विभिन्न प्रिंट हैमर से एक साथ दबाव या चोट करती है।

<u>लाइन प्रिंटर्स के प्रकार निम्न है :</u>

# ड्रम प्रिंटर्स


ड्रम प्रिंटर में घूमने वाला एक ठोस सिलेंडर होता जिसकी सतह पर कॅरेक्टर उभरे होते है। जो की ट्रैक्स में बंटे होते है जिनका आकर प्रिंटर पर इस्तेमाल किये जाने वाले पेपर के बराबर होता है। सभी ट्रैक्स में कॅरेक्टर के समुह होते है और उन कॅरेक्टर के लिए अलग अलग प्रिंट हैमर लगे रहते है।




**Drum Printer Mechanism**

जब प्रिंटर पर प्रिंट आदेश जाता है तो इसमें लगा ड्रम तेजी से घूमने लगता है और जिस कॅरेक्टर की जरुरत होती है उसे जल्दी से प्रिंट हैमर तक पंहुचाती है। इसके बाद प्रिंट हैमर की बारी आती है और ये आदेशानुसार कॅरेक्टर को स्याही लिप्त रिबन पर दबाव कर पेपर पर प्रिंट कर देता है। इसमें ड्रम हर चक्कर में केवल एक ही लाइन छापती है। इसलिए जैसे ही एक लाइन पूरा हो जाता है तो दूसरे लाइन के प्रिंटर पेपर को ऊपर की ओर धकेल देता है।

# चेन प्रिंटर्स





# Chain Printer Mechanism

चेन प्रिंटर्स में एक घूमने वाली चैन लगी होती है जिसकी सतह पर कॅरेक्टर समूह रहते है। ये चैन कल पुर्जे की सहायता से इस तरह जुड़े होते है की ये प्रिंटर केआदेशनुसार सामानांतर घूम सके। इन प्रिंटर्स में भी प्रिंट हैमर लगे होते है।

प्रिंटर में प्रिंट आर्डर मिलने पर इसमें लगा चैन उन कॅरेक्टर के साथ घूमने लगता है और एक निश्चित प्रिंट अवस्था में आने पर इसमें लगा प्रिंट हैमर पेपर के विपरीत स्याही लिप्त फीते पर इस तरह दबाव डालती है की चैन की ऊपरी सतह पर वांछित कॅरेक्टर प्रिंट हो जाए।

# बैंड प्रिंटर्स

बैंड प्रिंटर्स में स्टील का पट्टा लगा रहता है, जिसके ऊपरी सतह पर कॅरक्टर खुदे होते है। इन प्रिंटर्स में भी हैमर होते है पर चैन प्रिंटर की तुलना में इनकी संख्या कम होती है। और हैमर इस तरह लगी होती है की ये पेपर पर प्रिंट पोजीशन के अनुरूप दूसरे जगह पर चोट कर सकते है।




Band Printer Mechanism

- प्रिंट करते समय जब ये प्रिंट हैमर सही स्थिति पर पहुँचते है तो ये स्याही से लिप्त फीते पर चोट करता है जो की आगे चलकर स्टील के पट्टे पर लिपटता है। जिसकी वजह से पट्टे पर बने कॅरेक्टर पेपर पर छपते है क्योकि पेपर, स्टील के पट्टे और स्याही लगे रिबन के मध्य स्थिति में रहता है।

# नॉन इम्पैक्ट प्रिंटर

- नॉन इम्पैक्ट प्रिंटर में एक पुरे पेज को एक बार में प्रिंट करने के लिए आधुनिक कार्यविधिक का प्रयोग करती है। इसी कारण से ही इन प्रिंटर्स को पेज प्रिंटर्स भी कहा जाता है। पेज प्रिंटर्स के छपाई की गति बहुत ही तेज होती है और इसमें लार्ज डाटा प्रिंट करने की क्षमता होती है। ये एक बार में 800 पेजेस प्रति मिनट की गति से प्रिंट कर सकती है।

- आम तौर पर इसके मशीनरी इम्पैक्ट प्रिंटर की तरह कागज को सीधे संपर्क यानि स्पर्श या चोट नहीं करती। इनमें भिन्न भिन्न तकनीकों का प्रयोग होता है जैसे इंकजेट, लेज़र, केमिकल,इलेक्ट्रोस्टैटिक या ज़ेरोग्राफ़िक तकनीक।

- इन प्रिंटर में प्रिंट करने के लिए स्याही से लिप्त रिबन नहीं होता है और ना ही इसके कार्यविधि में कोई भी मुद्रित हैमर का प्रयोग होता है। नॉन इम्पैक्ट प्रिंटर की गुणवत्ता बेहतर और गति तेज होती है। ये तीन तरह के होते है : इंकजेट प्रिंटर्स, लेज़र जेट प्रिंटर्स और थर्मल प्रिंटर्स

- नॉन इम्पैक्ट प्रिंटर्स को निम्न प्रकारों में श्रेणीबद्ध किया गया है।

# लेज़र प्रिंटर

- लेज़र प्रिंटर मे, अंक, अक्षर, आकृतियाँ या किसी भी तरह के डाक्यूमेंट्स को पेपर पर छापने के लिए जिन बिंदुओं की जरुरत होती है उन्हें लेज़र तकनीक के माध्यम से बनाया जाता है। जब प्रिंटर में प्रिंट का आदेश जाता है तो प्रिंटर के अंदर लगे सेलेनियम की परत वाली ड्रम पर लेज़र बीम, विद्युत आवेशों को नियंत्रित कर टेक्स्ट और आकृतियाँ बनाती है।

- इस प्रक्रिया में जितनी बार लेज़र किरणे ड्रम को छूती है, ये ड्रम पर विद्युत् आवेश को बदलते जाती है। फिर टोनर रिज़र्वायवर की सहायता से ड्रम घूमता है, जो की आवेशित भाग के संपर्क में आने के बाद ड्रम पर आकृतियाँ बनाने की प्रक्रिया पूरी करती है इसके पश्चात पेपर पर उष्मा और दबाव के साथ प्रिंट कर स्थानांतरित किया जाता है।

- लेज़र प्रिंटर के प्रिंट की गति और गुणवत्ता दुसरो के मुकाबले बेहतर होती है तथा इनका कार्टरिज भी लम्बे समय तक चलता है। लेज़र प्रिंटर दो तरह के होते है मोनो और कलर प्रिंटर। लेज़र प्रिंटर्स की गति इंकजेट प्रिंटर से भी तेज होती है। इनके प्रिंट करने की क्षमता को PPM यानि पेज प्रति मिनट के हिसाब से मापा जाता है। एक लेज़र प्रिंटर आसानी से 30 से 40 पृष्ठ एक मिनट में छाप सकती है।

# इंकजेट प्रिंटर

- इंकजेट प्रिंटर प्रिंट करने के लिए महीन नोजल से जल्दी सूखने वाली विशेष स्याही की एक धारा छोटी छोटी बूंदों के रूप में पेपर पर छोड़ती है। इसमें लगी चुंबकीय प्लेटें उन बूंदों को प्रिंट आदेश के अनुरूप पेपर पर निर्देशित करती है जिससे अक्षर एवं आकृतियाँ पेपर पर छप जाते है।

- इसमें स्याही इंक कार्टरिज में संगृहीत होती है। अक्सर सभी मुख्य रंगो के लिए अलग अलग कार्टरिज होते है। जो की काला, पीला, लाल/मैजंटा और हरा/स्यान रंग के होते है। ये प्रिंटर दो प्रकार के होते है : मोनो और कलर।

# थर्मल प्रिंटर

- थर्मल प्रिंटर में एक विशेष तापमान की गर्मी सहने वाले थर्मल पेपर का इस्तेमाल किया जाता है इन पर विशेष रूप से गर्मी के प्रति संवेदनशील परत चढ़ाकर बनाई जाती है। थर्मल प्रिंटर में आकृतियाँ बनाने के लिए विद्युत् से गर्म हुए पिनों को पेपर पर दबाया जाता है। ये जितने अधिक गर्म होते है इनकी छाप उतने ही गहरे काले रंग होते जाते है। इसलिए जब गर्म पिनें पेपर पर पड़ती है तो उससे सम्बंधित एरिया काला हो जाता है।

- इनमें गर्म करने वाला अवयव विद्युत् प्रवाह का प्रयोग कर गर्म होता है। इसके अतिरिक्त हर आकृतिया जो इस प्रिंटर में प्रिंट की जाती है वो उन गर्म पिनों द्वारा बनाये गए बिंदुओं के साँचों को जोड़कर किया जाता है। जब पेपर प्रिंट हेड से होकर गुजरती है तो पेपर के उस भाग में लगी परत काले रंग में बदल जाते है, जो की गर्मी से बनाई जा रही आकृति होती है।

- इस तरह के प्रिंटर बिना शोर गुल के बेहतर गुणवत्ता वाले प्रिंट करती है। इनका इस्तेमाल ज्यादातर बिलिंग कॅल्क्युलेटर्स और फैक्स मशीनों में किया होता है।

## स्पीकर क्या है? What is Speaker in Hindi – Types of Speaker




- आप जानेंगे की स्पीकर क्या है? What is Speaker in Hindi? स्पीकर कैसे काम करते हैं? Computer speaker की क्या आवश्यकता है? स्पीकर के प्रकार,

# What is Speaker?

- Speaker एक कंप्यूटर हार्डवेयर output device है, जिसका उपयोग कंप्यूटर से connect करके ध्वनि को सुनने के लिए किया जाता है।
  कुछ विशेष प्रकार के स्पीकर कंप्यूटर से connect करने के लिए बनाये गए है।
  जबकि अन्य speakers को किसी भी डिवाइस से जोड़ा जा सकता है।

- कंप्यूटर स्पीकर से निकलने वाली ध्वनि के signals कंप्यूटर "sound card" द्वारा बनाए जाते हैं।

- IBM ने 1981 में पहला internal computer बनाया जिसकी sound quality ज्यादा अच्छी नहीं थी।
- ज्यादातर पहले की मॉनिटर में स्पीकर नीचे से दाएं और नीचे से बाएँ या फिर मॉनिटर के सामने लगाए जाते थे। लेकिन आजकल मॉनिटर में बाईं ओर तथा दाईं ओर speaker लगाया जा रहा है।

# How do speakers work – स्पीकर कैसे काम करते हैं?

- स्पीकर electromagnetic तरंगों को ध्वनि तरंगों में बदलता है। कंप्यूटर या ऑडियो receiver के द्वारा यह इनपुट प्राप्त करता है।
- इनपुट दो प्रकार का हो सकता analog या digital, एनालॉग स्पीकर आसानी से एनालॉग electromagnetic तरंगों को ध्वनि तरंगों में बदल सकता है।
- लेकिन डिजिटल स्पीकर डिजिटल सिग्नल को एनालॉग सिग्नल में बदलता है, फिर एनालॉग ध्वनि तरंगें निकलती है। Frequency द्वारा स्पीकर से निकलने वाली ध्वनि के उतार चढ़ाव नापा जाता है।
- What is speaker in Hindi में आपने जाना की पहले के कंप्यूटर में स्पीकर अंदर (internal) होते थे। लेकिन आगे आप जानेंगे की बाहरी (external) स्पीकर की क्या आवश्यकता है।

## External speaker की क्या आवश्यकता है?

- आजकल लैपटॉप, स्मार्टफोन और अन्य डिवाइस में स्पीकर लगे रहते हैं। तो आपको external speaker की आवश्यकता नहीं पड़ती।
  लेकिन जब आपको तेज sound या आसपास sound की जरुरत होती है। तो फिर आप इसका उपयोग कर सकते है।
- External speaker high quality साउंड का उत्पादन करते जोकि हमारे आसपास जोर की आवाज करता है। इसको हम कंप्यूटर या अन्य डिवाइस से जोड़ सकते है।
  पहला external speaker का आविष्कार “अबिनावन पुराचि दास” द्वारा 1991 किया गया था।
- अब आप बहुत ही अच्छे से जान गए होंगे की स्पीकर क्या है (what is speaker?) आगे आपके लिए यह जानना जरुरी है की स्पीकर कितने प्रकार के होते है।

## Types of speakers – स्पीकर के प्रकार

### Sub-woofers



Sub Woofers

- Sub-woofer बहुत कम frequency की ध्वनि वाले स्पीकर होते है। इसकी सीमा (range) 20 से200 Hz के बीच होती है।

आज कल कुछ Desktop स्पीकर सिस्टम sub-woofer के साथ आते है।
इसका उपयोग cars या home theater में होता है।

# Studio Monitors



Studio Monitor

- What is speaker in Hindi का एक प्रकार है, Studio Monitor जोकि स्वर और संगीत दोनों को स्पष्ट रूप से पेश करने की क्षमता के लिए जाना जाता है।
  यह संगीत सुनने और खेलने के उपकरणों के लिए प्रयोग में लाए जाते है।

  यह दो प्रकार के होते है powered और UN-powered स्टूडियो मॉनिटर।

# Loudspeakers

- Loudspeaker घरेलू स्पीकर होते हैं। यह पुराने समय में रेडियो, टेलीविजन और स्टीरियो से ध्वनि प्राप्त करने का एकमात्र तरीका था। Loudspeaker पुरानी पीढ़ियों के जीवन में एक प्रमुख आधार है।

SHARMA COMPUTER AND TYPING INSTITUTE



Loudspeakers

- लाउडस्पीकर में ज्यादातर एक woofer, mid-range speaker और एक tweeter होता है। जिससे ध्वनि की पूरी श्रृंखला का निर्माण होता है।
  जिससे कई अलग-अलग स्पीकर खरीदने की आवश्यकता नहीं होती।

- यह ज्यादातर मंच प्रदर्शन या कराओके (karaoke) में उपयोग में लाए जाते है। जिन्हे फिट करने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता होती है।
  लेकिन आज कल यह साइज में छोटे भी आते है।

  जो आपकी पॉकेट शैलियों में फिट हो जाते है, और अच्छी quality की ध्वनि का उत्पादन करते है।

SHARMA COMPUTER

## Floor Standing Speakers

AND TYPING INSTITUTE


Floor Standing Speakers

- इस प्रकार के स्पीकर को फर्श पर खड़ा कर सकते हैं। यह लगभग 4 फीट लंबा होता है। जिस कमरे में इन्हें रखा जाता है। वहाँ यह स्पीकर पूरी तरीके से दिखाई देते हैं। इसको रखने के लिए space की आवश्यकता होती है।
- Floor standing speaker लाउडस्पीकर के समान एक tweeter, mid-range और एकwoofer प्रदान करते है। अधिकांश floor standing speaker UN-powered होते है। इन्हे receiver और amplifier की आवश्यकता होती है।

## Bookshelf Speaker


Bookshelf Speaker

- What is speaker in Hindi का एक प्रकार Bookshelf speaker भी है, जिसे एक होम थिएटर स्पीकर भी कहा जाता है। यह मध्यम आकार के स्पीकर होते हैं।
  इस प्रकार के स्पीकर को टेलीविजन के दोनों ओर या किसी कमरे के चारों तरफ रखा जाता है।
- यह स्पीकर लगभग 5 इंच लंबे और दो स्पीकर, एक mid range और एक tweeter के साथ होते हैं।
  फ्लोर स्टैंडिंग स्पीकर के समान इन्हे amplifier और receiver की आवश्यकता होती हैं।
- On Wall speaker का फायदा यह है कि, आप अपनी छत या दीवार पर बड़ा छेद करने से बच सकते है, और इसे जहाँ चाहे वहां फिट कर सकते है।
- Floor standing speaker की जगह आप on wall speaker का उपयोग कर सकते है। क्योकि इसे फर्श पर रखने की जरुरत नहीं है, और काम स्पेस में आप इसका प्रयोग कर सकते है।

SHARMA COMPUTER AND TYPING INSTITUTE



- इसको स्थापित करना आसान है। लेकिन इसकी तारों को छिपाना कठिन हो सकता है। यह स्पीकर कई प्रकार के डिजाइन और रंगो में आते हैं,
  जोकि आपके दिवार के रंग से match करते है।
- यह UN-powered speaker होते है। इसलिए इसको plug in करने के लिए amplifier और receiver की आवश्यकता होती है।

## Bluetooth Speakers

- What is speaker in Hindi में आज कल का सबसे अधिक उपयोग होने वाला स्पीकर है, Bluetooth speaker जोकि एक wireless technology है।
  जिसे हम किसी भी ऑडियो डिवाइस से कनेक्ट कर सकते हैं, और यह एक portable डिवाइस है, जोकि हमें high quality साउंड प्रदान करता है।

- कुछ Bluetooth speaker को आप outlet में plug कर सकते है, और wireless स्पीकर को चार्ज करके उपयोग कर सकते है। यह अलग-अलग आकार और रंगों में आते है।



Bluetooth Speaker

SHARMA COMPUTER AND TYPING INSTITUTE

# OUTDOOR SPEAKERS

- Outdoor speaker weatherproof स्पीकर होते है। यह स्पीकर box गर्मी और सीलन का सामना करने के लिए बनाये गए है। आप इस प्रकार स्पीकर को एक सिस्टम या एक स्पीकर के रूप में खरीद सकते है।
- लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है, की आप क्या चाहते है, पुरे यार्ड या आंगन को कवर करने के लिए कुछ सिस्टम एक sub-woofer और कई mid range, tweeter के साथ आते है


Outdoor speaker

# सीपीयू क्या है ? | What is CPU in Hindi?

एक **Central processing unit** (CPU) या प्रोसेसर, **कंप्यूटर** का वह यूनिट है, जो इसके अंदर अधिकांश सारे डेटा और कमांड को प्रोसेसिंग करता है। **CPU** एक कंप्यूटर का **"Brain"** है, जिसमें **इनपुट**, स्टोर डेटा और **आउटपुट** रिजल्ट को संसाधित करने के लिए आवश्यक सभी सर्किटरी शामिल होती हैं। यह **PC** पर चलने वाले **सॉफ़्टवेयर** और अन्य **हार्डवेयर** कॉम्पोनेन्ट द्वारा प्राप्त सभी निर्देशों को प्रोसेसिंग करता है।

CPU लगातार कंप्यूटर प्रोग्राम के निर्देशों का पालन करता है, जो यह बताता है कि इसमें किस डेटा को प्रोसेस करना है और उसे कैसे प्रोसेस करना है। CPU के बिना हम कंप्यूटर पर प्रोग्राम को चला नहीं सकते हैं ।




Intel Desktop Core 2 Duo 2.6 GZH Processor CPU

इस **Central processing unit (CPU)**, जिसे सेंट्रल प्रोसेसर, मेन प्रोसेसर या सिर्फ प्रोसेसर भी कहा जाता है, यह इलेक्ट्रॉनिक सर्किटरी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम से जुड़े निर्देशों को संचालित करता है। सीपीयू प्रोग्राम में निर्देशों द्वारा निर्दिष्ट Basic arithmetic, Logic, controlling और इनपुट/आउटपुट (I/O) को संचालन करता है।

CPU को एक विशिष्ट स्क्वायर के आकार के सॉकेट में स्थापित किआ जाता है जो सभी **मदरबोर्ड** पर यह सॉकेट पाया जाता है, इसके नीचे मैटेलिक के कनेक्टर या पिन होते जहा CPU को हम बैठाते है। हर मदरबोर्ड में प्रत्येक सॉकेट केवल एक विशिष्ट प्रकार के प्रोसेसर का समर्थन करते हैं और इसके लिए एक विशिष्ट पिन लेआउट के साथ मदरबोर्ड को बनाया जाता है।

हालाँकि आज के आधुनिक सीपीयू कंप्यूटर बहुत अधिक गर्मी उत्पन करते हैं और कंप्यूटर अधिक गर्म होने की संभावना होती है, इसलिए उन्हें सीपीयू के पंखे या वेंटिलेशन सिस्टम के साथ ठंडा रखा जाता है, और हीट सिंक और थर्मल पेस्ट को सीपीयू फैन में लगाया जाता है, जिस से गरमी कम होजाती है।

कंप्यूटर के अन्य पार्ट्स से आने वाले इंस्ट्रक्शन और डेटा प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए,CPU एक चिपसेट पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जो कि मदरबोर्ड पर स्थित माइक्रोचिप्स का एक ग्रुप होता है। इस टर्म को सेंट्रल प्रोसेसर, माइक्रोप्रोसेसर या चिप के रूप में भी जाना जाता है।

# सीपीयू का इतिहास | History of CPU in Hindi

आज कंप्यूटर हमारी रोजमर्रा जिंदगी का एक हिस्सा है, लेकिन सबसे पहले उपयोग किया जाने वाला कंप्यूटर अमेरिका के **पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय** में 1946 में विकसित किया गया था। इसमें **ENIAC (Electronic Numerical Integrator And Computer)** का प्रोसेसर लगा था। रीप्रोग्रामिंग फीचर जो आज इतने व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, **Alan Turing** और **John von Neumann** ने अपनी टीमों के साथ इसे पेश किया था। **John von Neumann** के CPU आर्किटेक्चर आज आधुनिक कंप्यूटरों का आधार है।

Central Processing Unit (CPU) के विकास से कंप्यूटर के संचालन का तरीका आज बदल गया है, आज कंप्यूटर छोटा होगया है, कंप्यूटर सस्ता होते जा रहा है, कंप्यूटर अधिक शक्तिशाली होगया है और कंप्यूटर की उच्च तकनीकों का उपयोग करने वाले कंप्यूटर उपयोगकर्ता के लिए आज अधिक कुशल होगया है। आजकल, सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट की पांच पीढ़ी से परिचित होंगे जो की सीपीयू का इतिहास है जैसे कि **वैक्यूम ट्यूब**, **ट्रांजिस्टर**, **इंटीग्रेटेड सर्किट**, **माइक्रोप्रोसेसर** और **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** इस तरह से **CPU** का विकास हुआ है।

## Vacuum Tubes CPU

सबसे पहला CPU वैक्यूम ट्यूब का था यह **मेमोरी** के लिए सबसे पहला कंप्यूटर **Vacuum Tubes** और **Magnetic Drums** का उपयोग करता है । यह बहुत बड़े आकार का होता था और यह पूरे कमरे का उपयोग करता था । तो, यह बहुत महंगा हुआ करते थे, और जब यह सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) काम कर रही होती है, तो उसे बहुत अधिक बिजली का उपयोग करती थी। तो, यह सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) को बहुत अधिक गर्मी पैदा करता था । कभी-कभी, कंप्यूटर बहोत ज्यादा गर्म होजाता था तो CPU के इस वजह अक्सर कंप्यूटर की खराबी का कारण बनता था ।

## Transistor CPU

सीपीयू की डिजाइन जटिलता में वृद्धि की गयी क्योंकि विभिन्न टेक्नोलॉजी ने छोटे और अधिक विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण करने की सुविधा प्रदान की। इस तरह का पहला CPU में सुधार ट्रांजिस्टर के आने के साथ हुआ। 1950 और 1960 के दशक के दौरान ट्रांजिस्टराइज्ड CPUs को अब वैक्यूम ट्यूब और रिले जैसे भारी, अविश्वसनीय और नाजुक स्विचिंग एलिमेंट से आगे नहीं बनाया जाना था। CPU में इस सुधार के साथ, अधिक जटिल और विश्वसनीय सीपीयू एक या कई प्रिंटेड सर्किट बोर्डों पर बनाए गए थे जिनमे अलग कॉम्पोनेन्ट थे। लेकिन, **Transistor CPU** में अभी भी वैक्यूम ट्यूब के तरह वही समस्या थी और वो ज्यादा गर्मी पैदा करती थी और **Transistor CPU** के वजह से कंप्यूटर आसानी से खराब होजता था ।

## Integrated Circuits

**Integrated Circuit** तीसरी पीढ़ी की सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) को एक नयी पहचान मिली जिससे कंप्यूटिंग तकनीक बदल गयी। Integrated Circuits में, उपयोगकर्ता **कीबोर्ड** और **मॉनिटर** का उपयोग करके कंप्यूटर के साथ इंटरैक्ट कर सकता था और एक **ऑपरेटिंग सिस्टम** के साथ इंटरफेस करने में सक्षम था। इसमें पंच कार्ड और प्रिंटआउट जैसे का उपयोग नहीं किया जाता था। यह Integrated Circuits एक बार में एक से अधिक प्रोग्राम चलाने की क्ष्यमता हुआ। यह सेंट्रल प्रोग्राम के साथ चलाया जाता था जो मेमोरी को मॉनिटर करता है। यह पहला कंप्यूटर है जिसे आम

उपभोक्ता के लिए कंप्यूटर खरीदना संभव हुआ था। क्योंकि Integrated Circuits वैक्यूम ट्यूब और ट्रांजिस्टर से छोटा CPUऔर कीमत इसका सस्ता था।

## Microprocessors

